शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके पश्चात वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे वीर जवानों के त्याग और समर्पण का प्रतिफल है। प्रत्येक विद्यार्थी को ज्ञान, अनुशासन और सेवा की भावना से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। यही इस दिन का सार्थक संकल्प है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नागरत्ना गनवीर, प्रो. निवेदिता मुखर्जी, प्रो. नूतन कुमार देवांगन, प्रो. लिनेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. पूजा पांडेय, प्रो. शंभू प्रसाद निर्मलकर, श्रीमती विनीता, डॉ. रितु श्रीवास्तव, डॉ. ममता, प्रो. सतीश कुमार गोटा, प्रो. वेद प्रकाश सिंह, रोशन सिंह सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी गण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता द्वारा किया गया।

